**बिहार सरकार**

वित्त विभाग

का०आ०सं०–1/स्था०(विविध)–16/2025 ................................/वि०,पटना, दिनांक–

## कार्यालय आदेश

वित्त विभाग में विभिन्न विभागों से प्रायः ऐसी संचिकाएँ प्राप्त होती हैं, जिसमें विभाग एवं उसके अंतर्गत गठित/कार्यरत निदेशालय के मध्य विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित परामर्श की अपेक्षा की जाती है।

2. बिहार कार्यपालिका नियमावली, बिहार सेवा संहिता, बिहार वित्त नियमावली, बिहार कोषागार संहिता, बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली इत्यादि में विभाग, विभागाध्यक्ष, कार्यालय, कार्याध्यक्ष, निदेशालय एवं निदेशक संस्था/पद के संबंध में अलग–अलग जगह विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन तथा सीमांकन का उल्लेख है। फिर भी समेकित अथवा एकीकृत रूप में उनके मध्य प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों के परिप्रेक्ष्य में अंतर्संबंध को और अधिक स्पष्टता की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

3. अतएव राज्य सरकार के अधीन विभाग एवं विभागान्तर्गत निदेशालयों के मध्य प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन से संबंधित एकीकृत दिशा–निर्देशों की पहचान एवं उनके समेकन हेतु विभागीय समिति गठन निम्नवत् किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| (क) **श्री ओम प्रकाश झा,** बजट सलाहकार | – | सदस्य |
| (ख) **श्री ब्रजेश,** संयुक्त आयुक्त | – | सदस्य |
| (ग) **श्री आदित्य कुमार झा,** विशेष कार्य पदाधिकारी | – | संयोजक |
| (घ) **श्री कामाख्या नारायण श्रीवास्तव,** प्रशाखा पदाधिकारी | – | सदस्य |
| (ङ) **श्री नीरज कुमार,** प्रशाखा पदाधिकारी | – | सदस्य |
| (च) **श्री राजेश कुमार सिंह,** प्रशाखा पदाधिकारी | – | सदस्य |

4. समिति अपना प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर विभागीय प्रधान सचिव को प्रस्तुत करेगी।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

**(राहुल कुमार)**

सरकार के विशेष सचिव।

**ज्ञापांक– 1/स्था०(विविध)–16/2025** 3658 **/वि० पटना, दिनांक** 28-03-2025

**प्रतिलिपि**:–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव (संसाधन) के आप्त सचिव/सचिव (व्यय) के आप्त सचिव/सभी विशेष सचिव के आप्त सचिव/श्री ओम प्रकाश झा, बजट सलाहकार/श्री ब्रजेश, संयुक्त आयुक्त/श्री आदित्य कुमार झा, विशेष कार्य पदाधिकारी/श्री कामाख्या नारायण श्रीवास्तव, प्रशाखा पदाधिकारी/श्री नीरज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी एवं श्री राजेश कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

2. श्रीमती रश्मि रेखा, सिस्टम एनालिस्ट, वित्त विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/3/25

सरकार के विशेष सचिव।

Aadhesh Arti